AMAR UJALA

Page No. 05 (Gzb.)

Date 03 Dec 2019

# स्टूडेंट्स ने एड्स के प्रति लोगों को किया जागरूक

मुरादनगर। विश्व एड्स दिवस पर आईटीएस डेंटल कॉलेज में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय एचआईवी, एड्स महामारी को समाप्त करना था। इस मौके पर ओपीडी में बीडीएस के छात्रों ने जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बायोटेक विभाग के छात्रों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य एड्स जैसी बीमारी के बारे में लोगों को जागरूकता फैलाना था। एड्स एक जानलेवा बीमारी है जो धीरे-धीरे समूचे विश्व को अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। दुनियाभर के चिकित्सक व वैज्ञानिक वर्षों से इसकी रोकथाम के लिए औषधि की खोज में लगे है। परंतु अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है। एड्स का पूरा नाम ऐक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम है। बायोटेक प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि संक्रमित रक्त एवं संक्रमित सीरिंज से बचना ही होगा। एचआईवी वायरस संक्रमण पश्चात रोगी की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। रोग से घृणा करो रोगी से नही, यह रोग हाथ मिलाने से एक साथ खाने और एक साथ रहने से नही होता। समाज को जागरूक बनकर ही इस रोग से बच सकता है।



एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम में छात्राएं।

दैनिक
करंट क्राइम

02 नईदिल्ली || मंगलवार || 03 दिसम्बर - 2019 || गाजियाबाद-मुरादनगर

## विश्व ऐक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम (एड्स) दिवस पर

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मुरादनगर (करंट क्राइम)। नगर के दिल्ली- मेरठ हाईवे अम्पालतनगर गांव स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका विषय एचआईवी, एड्स महामारी को समाप्त करना था। संस्थान में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विषय पर बीडीएस के छात्रों, कर्मचारियों और मरीजों को बीमारी के बारे में जानकारी दी गयी तथा इससे सुरक्षित रहने के उपाय बताये गये। छात्रों के बीच रूचि जागृत करने के लिए एड्स एवं एचआईवी पर वातालाप भी आयोजित की गयी। आईटीएस-द ऐजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने अपने-अपने विचार प्रकट किये।





आईटीएस डेन्टल कॉलेज की ओपीडी में बीडीएस के छात्रों द्वारा जागरूकता उत्पन्न करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बायोटेक विभाग के छात्रों ने भी भाग लिया। जिसका उद्देश्य इस बीमारी के बारे में मरीजों में जागरूकता फैलाना था। आईटीएस द एजूकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने आम जनता को प्रोत्साहित तथा जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रेरित किया। एड्स एक जानलेवा बीमारी है जो धीरे-धीरे समूचे विश्व को अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। दुनियाभर के चिकित्सक व वैज्ञानिक वर्षों से इसकी रोकथाम के लिए औषधि की खोज में लगे है। परन्तु अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है। पूरे विश्व में एड्स को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं है सभी बेसब्री से उस दिन की प्रतीक्षा कर रहे है। जब वैज्ञानिक इसकी औषधि की खोज में सफल हो सकेंगे। एड्स का पूरा नाम ऐक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम है। वैज्ञानिक सन 1977 ई0 में ही इसके प्रति सचेत हो गये थे। जब विश्वभर के 200 से भी अधिक वैज्ञानिकों का एक सम्मेलन अमेरिका में हुआ था। परन्तु वास्तविक रूप में इसे मान्यता सन 1988 में मिली तभी से इसे हम विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाते है। डा. सुरेन्द्र सिंह प्रिंसिपल बायोटेक ने बताया कि संक्रमित रक्त एवं संक्रमित सिरिंज से बचना ही होगा। एचआईवी वायरस संक्रमण पश्चात रोगी की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे व्यक्ति को चिन्हित कर उन्हें जागरूक बनाना चाहिए ताकि रोग का फैलाव नहीं हो, साथ ही यह कहना भी सन्दर्भित है कि रोग से घृणा करो रोगी से नहीं यह रोग हाथ मिलाने से साथ खाने से या साथ रहने से नही होता। समाज को जागरूक बनाकर ही इस रोग से बचाव किया जा सकता है। ऐसे अनुमान के अनुसार 2018 के अन्त तक 37.9 मिलियन लोग इस रोग से प्रभावित हो चुके है। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस- द एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

**Dainik Jagran**

**Page No : I (Jagran City)** **Date: 03 Dec 2019**

# छात्रों ने एड्स के खिलाफ फैलाई जागरूकता




आइटीएस कालेज में एड्स के खिलाफ लोगों को जागरूक करते छात्र • सौजन्य : कालेज

संवाद सहयोगी, मोदीनगर : हाईवे स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय एचआईवी एड्स महामारी को समाप्त करना था।

कार्यक्रम में छात्रों ने लोगों को एड्स के बारे में जानकारी दी। साथ ही बीमारी से बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान एड्स विषय पर एक वार्तालाप प्रतियोगिता भी कराई गई।

कार्यक्रम में कॉलेज की ओपीडी में बायोटेक के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से एड्स की बीमारी के बारे में मरीजों में जागरूक किया गया। ग्रुप के चेयरमैन आरपी चड्ढा ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन आम जनता को एड्स की बीमारी के के खिलाफ जागरूक करने के लिए किया गया है।

ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि सभी बेसब्री से उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जिस दिन बीमारी की औषधि को खोज लिया जाएगा। बायोटेक विभाग के प्रिंसिपल डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि एड्स से बचाव के लिए संक्रमित रक्त और सीरिंज से बचना जरूरी है। एचआईवी वायरस से संक्रमण के पश्चात रोगी की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे व्यक्ति को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोग से घृणा करो, रोगी से नहीं। यह रोग हाथ मिलाने या साथ रहने से नहीं फैलता है।

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No. 04 (Gzb.) Date 03 Dec 2019

## छात्रों और कर्मचारियों को किया जागरूक

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर : असालत नगर के आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों और कर्मचारियों को इस बीमारी के बारे में बताया गया और जागरूक भी किया गया। डॉ. आरपी चड्ढा और अर्पित चड्ढा समेत कई लोग मौजूद रहे।

गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, हापुड़, दिल्ली, लखनऊ से प्रकाशित

मनस्वी वाणी

गाजियाबाद, मंगलवार 03 दिसम्बर, 2019





# आईटीएस डेन्टल कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुरादनगर(म.वा)**। दिल्ली मेन रोड पर असालतनगर स्थित आईटीएस डेन्टल कॉलेज मैं विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका विषय एचआईवी/एड्स महामारी को समाप्त करना था। संस्थान में इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस विषय पर बीडीएस के छात्रों,कर्मचारियों और मरीजों को बीमारी के बारे में जानकारी दी गयी तथा इससे सुरक्षित रहने के उपाये बताये गये। छात्रों के बीच रूचि जागृत करने के लिए एड्स एवं एचआईवी पर वातार्लाप भी आयोजित की गयी।आईटीएस- द ऐजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने अपने-अपने विचार प्रकट किये। आईटीएस डेन्टल कॉलेज की ओपीडी में बीडीएस के छात्रों द्वारा जागरूकता उत्पन्न करने के लिए नुक्कड नाटक काआयोजन किया ' इस कार्यक्रम में बायोटेक विभाग के छात्रों ने भी भाग लिया' जिसका उद्देश्य इस बीमारी के बारे में मरीजों में जागरुकता फैलाना था। आईटीएस द ऐजूकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने आम जनता को प्रोत्साहित तथा जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रेरित किया।

# निवाण टाइम्स

@NiwantimesInd | epaper.niwantimes.com | @NiwanTimesInd | www.niwantimes.com

वर्ष : 02 | अंक : 306 | गाजियाबाद, मंगलवार, 03 दिसम्बर 2019 | पेज : 08 | मूल्य : 03 ₹ | R.N.I. No. UPHIN/2018/75695 | दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, हापुड़ व मेरठ में प्रसारित


# विश्व एडस दिवस पर आईटीएस कॉलेज ने नुक्कड़ नाटक कर किया जागरुक

**निवाण टाइम्स संवाददाता**




**गाजियाबाद।** आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीएस के छात्रों- कर्मचारियों व मरीजों को बीमारी के बारे में जानकारी दी गयी तथा इससे सुरक्षित रहने के उपाये बताये गये। छात्रों के बीच रूचि जागृत करने के लिए एड्स एवं एचआईवी पर वातार्लाप भी आयोजित की गयी।

छात्रों द्वारा जागरूकता उत्पन्न करने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बायोटेक विभाग के छात्रों ने भी भाग लिया। इसका उद्देश्य इस बीमारी के बारे में मरीजों में जागरूकता फैलाना था। आईटीएस ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने आम जनता को प्रोत्साहित तथा जागरूक करने के लिए इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बढ़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया।